वर्ष: 03 अंक: 02

आज़ादी का अमृत महोत्सव

आयोग की मासिक पत्रिका

**एक कदम पारदर्शिता की ओर**

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

न्यूज़लेटर - सितंबर - 2023



# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

**पांचवां तल, लोक नायक भवन, खान मार्किट**
**नई दिल्ली-110003**

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
## न्यूजलेटर

वर्ष: 03 अंक: 02

सितंबर 2023



**संपादक**

राजेश रंजन सिंह

ई–मेल : singh.rr9@gmail.com

@srajeshranjan


राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की ओर से लगातार मासिक पत्रिका प्रकाशित करने का सिलसिला जारी है। आयोग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका का यह 25वां अंक है। आप सभी के सहयोग व मार्गदर्शन से सफलतापूर्वक 24 अंकों का प्रकाशन किया जा चुका है। इस अंक में हमने आयोग द्वारा अपनी वार्षिक रिपोर्ट माननीया राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को सौंपना, स्थलीय निरीक्षण, जनसुनवाई समेत देश भर के कई बड़े मामलों को शामिल किया है। साथ ही सोशल मीडिया द्वारा मिली जानकारी के आधार पर लिए गए संज्ञान के मामले को भी पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। इसके अलावा बीते माह के दौरान मीडिया में प्रकाशित आयोग की खबरों की क्लिपिंग को भी प्रकाशित किया गया है। आशा है मासिक पत्रिका के जरिए आपको जानकारी मिलती रहे और पत्रिका प्रकाशन में आपका सहयोग मिलता रहे।

धन्यवाद

(संपादक)

**किसी भी प्रकार के सुझाव और शिकायतों के लिये संपर्क करें:**

**011 - 24620435 & 24606802**

**राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग**

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

**भारत सरकार**

5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,
New Delhi - 110003

**website: http://ncsc.nic.in**

ऑनलाइन शिकायत यहां दर्ज करें:

**https://ncsc.negd.in/**

## National Commission for Scheduled Castes




**श्री अरूण हालदार**
**अध्यक्ष (कार्य प्रभारित)**



**डॉ. अंजू बाला**
**सदस्या**



**श्री सुभाष रामनाथ पारधी**
**सदस्य**




@NCSC_GoI

@NCSC.GoI

@ncsc_goi

Koo

@NCSC

# माननीय अध्यक्ष (कार्य प्रभारित) का संदेश



**श्री अरूण हालदार**
**अध्यक्ष (कार्य प्रभारित)**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका के 25वें अंक के लिए यह संदेश लिखते हुए मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। सितंबर माह के अंत में हमने साल 2020-21 और 2021-22 के लिए आयोग की वार्षिक रिपोर्ट माननीया राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को सौंपी। इस दौरान आयोग की माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला और सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी भी मौजूद रहे। सितंबर माह में ही 14 सितंबर से 29 सितंबर के बीच हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान महात्मा गांधी द्वारा कहे गए "राष्ट्रीय व्यवहार में हिंदी को काम में लाना, देश की शीघ्र उन्नति के लिए लाभदायक है" कथन को चरितार्थ करते हुए आयोग में अधिक से अधिक कार्य हिंदी भाषा में करने पर जोर दिया गया।

इसी माह राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अहम फैसले से 200 से भी ज्यादा अनुसूचित जाति के लोगों को फायदा मिला। आयोग की अनुशंसा पर हरियाणा के 6 गांवों के लगभग 208 अनुसूचित जाति के परिवारों को रिहायशी प्लॉट मिल सका। इस मामले की सुनवाई बीते दो सालों से हो रही थी। अंततः लंबी सुनवाई के बाद इन लोगों को आयोग के चलते न्याय मिला। पीएम आवास योजना के तहत अब इन लोगों को 100-100 वर्ग गज का प्लॉट मिलेगा। साल 1988 में 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत इन्हें प्लॉट मिला था।

ऐसी घटनाओं पर आयोग तत्काल प्रभाव से कार्रवाई कर रहा है ताकि पीड़ितों को न्याय जल्दी से जल्दी मिल सके। आयोग लगातार अनुसूचित जाति के लोगों को न्याय दिलाने के लिए देश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थलीय निरीक्षण से लेकर आयोग के राज्य कार्यालयों और नई दिल्ली स्थित आयोग मुख्यालय में सुनवाई तक कर रहा है। समय-समय पर विभिन्न संस्थानों की भी समीक्षा की जाती है ताकि जानकारी मिल सके कि उन संस्थानों में अनुसूचित जाति के कर्मचारियों-अधिकारियों की क्या स्थिति है।

बीते माह भी मैंने और आयोग के सदस्यों स्थलीय निरीक्षण से लेकर विभिन्न संस्थानों की समीक्षा की ताकि वहां पर कार्यरत अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बनी आरक्षण नीति की वर्तमान स्थिति का पत चल सके। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग समाज के हाशिये पर खड़े अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है और पूर्व की भांति भविष्य में भी आयोग का प्रयास रहेगा कि दूरस्थ गांव से लेकर शहर तक के अनुसूचित जाति वर्ग के किसी भी व्यक्ति के साथ किसी प्रकार का भी भेदभाव या अन्याय न होने पाए।

जय हिंद !
सादर धन्यवाद

**अरूण हालदार**

अध्यक्ष (कार्य प्रभारित) ,
राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

@arunhalderncsc

# समीक्षा बैठक







## आयोग ने की SBI बैंक की समीक्षा

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की समीक्षा बैठक की। बैठक का नेतृत्व आयोग के माननीय अध्यक्ष (कार्य प्रभारित) श्री अरूण हालदार ने की। समीक्षा बैठक का आयोजन राजस्थान राज्य के जयपुर में किया गया। इस समीक्षा बैठक के दौरान भारतीय स्टेट बैंक में अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बनी आरक्षण नीति की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह भी समीक्षा की गई कि अनुसूचित जाति के अधिकारियों-कर्मचारियों को आरक्षण नीति का उचित लाभ मिल रहा है अथवा नहीं। साथ ही अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए अन्य सरकारी योजनाओं एवं व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों पर भी विचार विमर्श किया गया। जयपुर में आयोजित इस समीक्षा बैठक में आयोग के अधिकारियों के साथ-साथ भारतीय स्टेट बैंक, जयपुर सर्किल के सीजीएम व अन्य उच्चाधिकारी भी मौजूद रहे।

# समीक्षा बैठक




## आयोग की भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ समीक्षा बैठक




राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के एक दल ने महाराष्ट्र राज्य का आधिकारिक दौरा किया। यह दौरा आयोग के माननीय अध्यक्ष (कार्य प्रभारित) श्री अरूण हालदार के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान महाराष्ट्र के मुंबई में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (Airport Authority of India) के पश्चिमी क्षेत्र की समीक्षा बैठक की गई। मुंबई में आयोजित इस समीक्षा बैठक में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, पश्चिमी क्षेत्र में अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बनी आरक्षण नीति की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह भी समीक्षा की गई कि अनुसूचित जाति के अधिकारियों-कर्मचारियों को आरक्षण नीति का उचित लाभ मिल रहा है अथवा नहीं। साथ ही अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए अन्य सरकारी योजनाओं एवं व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों पर भी विचार विमर्श किया गया। इस समीक्षा बैठक में आयोग के अधिकारियों के साथ-साथ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारी और एससी-एसटी एंम्प्लाएज एसोसियशन के सदस्य भी मौजूद रहे।



# डीडवाना में दो युवकों की कुचलकर हत्या, आयोग ने मांगी रिपोर्ट

## ये था मामला

राजस्थान के डीडवाना जिले में दो युवकों की एक बोलेरो कैंपर गाड़ी से कुचलकर हत्या कर दी गई। जबकि तीसरा युवक गंभीर रूप से घायल बताया गया। मीडिया में आई इस खबर पर संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय अनुसुचूति जाति आयोग निरीक्षण के लिए डीडवाना पहुंचा। आयोग के माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी की अगुवाई में आयोग ने स्थलीय निरीक्षण के दौरान पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित परिवार से भेंट कर घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की एवं जिला अधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



निरीक्षण करते माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी

# स्थलीय निरीक्षण



# किशोरी से बलात्कार, जांच के लिए पहुंचा आयोग, दिए सख्त कार्रवाई के निर्देश

उत्तर प्रदेश के जनपद हरदोई स्थित थाना बेनीगंज में अनुसूचित जाति की किशोरी से बलात्कार की घटना को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने बेहद गंभीरता से लिया। इस मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला घटना की विस्तृत जांच के लिए पीड़िता के घर पहुंची। वहां पहुंचकर उन्होंने पीड़िता के परिवार से मिलकर घटना से संबंधित पूरी जानकारी प्राप्त की। माननीय सदस्या ने पीड़ित परिवार को न्याय एवं दोषियों पर कठोर कार्यवाही का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान आयोग व संबंधित जिला प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# खबरों में आयोग


THE NEW ... PHOTOS VIDEOS

Home › States › Tamil Nadu

## Ostracised, says SC family in Tamil Nadu; NCSC sends notice

*S Prabhu (33), the victim, told TNIE that he refused to take up farm work and instead worked as casual labourer.*

Published: 14th September 2023 08:49 AM | Last Updated: 14th September 2023 09:00 AM




National Commission for Scheduled Castes ( Photo | NCSC Website )

By Saravanan MP

Express News Service

TIRUPPUR: The National Commission for Scheduled Caste (NCSC) has issued notice to Tiruppur district police after a Dalit family from Dharapuram complained that they were not allowed to enter Olapalayam village at Nandavanampalayam panchayat for the past five months.

S Prabhu (33), the victim, told TNIE that he refused to take up farm work and instead worked as a casual labourer. Some members of the BC community allegedly did not like his

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य पहुंचे बिदियाद गांव: युवकों के परिजनों से की मुलाकात, जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की कहीं बात

मकराना 15 दिन पहले



कुचामनसिटी में दो युवकों की गाड़ियों से कुचलकर हत्या करने के मामले में भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य सुभाष रामनाथ पारधी युवकों के गांव बिदियाद पहुंचे। उन्होंने दोनों दलित परिवारों से अलग अलग मुलाकात की और परिवारजनों को ढांढस बंधाया।

आयोग सदस्य पारधी ने कहा कि दोनों दलित युवाओं की हत्या की घटना बड़ी शर्मनाक है। हत्या करने वालों बदमाशों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी। इसको लेकर जांच एजेंसियां अपना काम कर रही है। जल्द ही हत्या के सभी दोषी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

पारधी ने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग दोनों दलित परिवारों के साथ खड़ा है। उन्होंने बताया कि वे तीसरे घायल युवक के परिजनों से भी मिलकर आए हैं। घायल का भीलवाड़ा में इलाज चल रहा है। उसे भी सुरक्षा और उचित उपचार मुहैया करवाया जाएगा।

इस दौरान कुचामन के एडिशनल एसपी संजय गुप्ता ने बताया कि 16 आरोपियों को नामजद कर लिया है और बाकी सभी आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। समाजसेवी सुरेंद्र मलिंडा ने प्रशासन पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। वहीं बिदियाद सरपंच श्रवण कुमार बुगालिया ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और हत्या के दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग की। सरपंच ने बताया कि पिछले दिनों मृतक राजूराम मेघवाल के घर चोरी के आरोपी तो गिरफ्तार कर लिए। लेकिन बरामदगी नहीं हुई।

इस अवसर पर परबतसर उपखण्ड अधिकारी बलबीर सिंह, मेघवाल समाज के राष्ट्रीय महामंत्री बीएल भाटी, सामाजिक कार्यकर्ता कर्नल केसरी सिंह राठौड़, गोविंद मेघवाल, सुरेंद्र मलिन्डा, उम्मेद सिंह राठौड़, सुनील जोशी, प्रमोद, महेंद्र सिंह, मिश्रीलाल बावरी सहित अन्य मौजूद थे।

आपको बता दे कि मकराना के पास स्थित बिदियाद गांव के दो युवक राजूराम मेघवाल पुत्र बाबूलाल और चुन्नीलाल मेघवाल पुत्र नदरत्न मेघवाल की पिछले दिनों कुचामनसिटी के पास राणासर में हाइवे पर बदमाशों ने गाड़ियों से कुचलकर हत्या कर दी थी। जिसमें कलकलां की ढाणी निवासी एक युवक गंभीर घायल भी हो गया था।

আনন্দবাজার পত্রিকা অনলাইন

১৪ সেপ্টেম্বর ২০২৩

প্রথম পাতা কলকাতা পশ্চিমবঙ্গ দেশ বিদেশ সম্পাদকের পাতা খেলা বিনোদন জীবন + ধারা ভিডিয়ো আনন্দ উৎসব

Anandabazar / Employment / National Commission for Scheduled Castes will recruit Consultant on contractual basis in Kolkata, check details dgtl

## NCSC Recruitment 2023

## কেন্দ্রীয় মন্ত্রকের অধীনে কাজের সুযোগ, কর্মস্থল হবে কলকাতায়

৬ মাসের জন্য চুক্তির ভিত্তিতে কনসালট্যান্ট পদে কর্মী নিয়োগ করা হবে। অবসরপ্রাপ্ত আধিকারিকদের জন্য কাজের সুযোগ।



প্রতীকী ছবি।

আনন্দবাজার অনলাইন সংবাদদাতা

কলকাতা শেষ আপডেট: ১২ সেপ্টেম্বর ২০২৩ ১১:৩১

BW BUSINESSWORLD

September 14, 2023

Deals from Sep 9th
Decathlon Select City

News Columns Interviews BW Communities Events BW TV Subscribe to Print

## Gudey Srinivas Becomes Secretary Of National Commission For Scheduled Castes

*Srinivas belongs to the 1990 batch of the Indian Administrative Service (IAS) from the Odisha cadre and throughout his illustrious career, he has held various key positions in both the central and state governments*

Photo Credit :



# पलवल: जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ किया जाए सुनिश्चित: डा. अंजू बाला

By Livevns.news Desk Sep 15, 2023, 18:50 IST




पलवल, 15 सितंबर (हि.स.)। केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से क्रियान्वित की जा रहीं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों को मिलना चाहिए। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य डा. अंजू बाला ने शुक्रवार को पलवल जिला में दौरे के दौरान जिला सचिवालय के सभागार में विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर अधिकारियों को निर्देशित कर रहीं थी। इससे पूर्व उन्होंने गांव बंचारी में दौरा कर ग्रामीणों को संबोधित भी किया।

## राणासर में 2 दलित युवकों के मर्डर का मामला: नेशनल SC आयोग के मेंबर पहुंचे; कलेक्टर-एसपी से की मुलाकात

नागौर · 15 दिन पहले



राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य वार्ता करते हुए।

नागौर में डीडवाना के राणासर में हुए दो दलित युवकों के हत्याकांड को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने गंभीरता से लिया है। आयोग के निर्देश पर मंगलवार को सदस्य सुभाष पारथी मामले की जांच करने परबतसर पहुंचे।

इस दौरान सबसे पहले पारथी ने डीडवाना पहुंचकर डीडवाना जिला कलेक्टर सीताराम जाट और पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर मामले की जानकारी जुटाई। साथ ही जिला कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों को मामले की जांच रिपोर्ट सात दिवस में आयोग को भेजने के निर्देश दिए गए।

इसके बाद पारथी ने राणासर में हत्याकांड के घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी जुटाई। बाद में पीड़ित परिवारों से परबतसर उपखण्ड के बिदियाद और मंगलाना गांव जाकर मुलाकात कर उनसे भी हत्याकांड को लेकर वार्ता की।

इस दौरान उन्होंने पुलिस को पीड़ित घायल को पुलिस सुरक्षा उपलब्ध करवाने, घायल और मृतक परिवारों को तत्काल मुआवजा राशि देने तथा घायल का सरकारी खर्चे पर उपचार करवाने के निर्देश दिए। पारथी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सचिव डॉ. समित शर्मा को फोन कर सभी पीड़ितों को मुआवजा देने के निर्देश दिए।

इससे पूर्व कमीशन सदस्य पारथी के पहुंचने की सूचना पर हत्याकांड में घायल कलकलां की ढाणी ... युवक किशनाराम को इलाज के बहाने बाहर शिफ्ट कर दिया गया। इसको लेकर भी ...परिवार जनों से जानकारी जुटाई।

...कमीशन सदस्य पारथी ने परबतसर के बिदियाद गांव पंहुच कर मृतक चुन्नीलाल और ... घर पंहुचकर परिजनों से हत्याकांड को लेकर जानकारी जुटाई और उनके बयान दर्ज ...योग सदस्य पारथी जांच के बाद अपनी रिपोर्ट आयोग को सौंपेंगे।

## मानसिक उत्पीड़न मामला: एससी आयोग का महाराष्ट्र सदन के निवासी आयुक्त को नोटिस




दैनिक भास्कर
BHASKARHINDI.COM

**डिजिटल डेस्क, नई दिल्ली.** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने दिल्ली स्थित महाराष्ट्र परिचय केंद्र के एक कर्मचारी के मानसिक उत्पीड़न मामले में महाराष्ट्र सदन के निवासी आयुक्त को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

महाराष्ट्र परिचय केंद्र के कर्मचारी किशोर गायकवाड ने प्रभारी उप निदेशक पर मानसिक उत्पीड़न और जातिगत टिप्पणियों का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ एससी आयोग में शिकायत दर्ज की थी। इसका संज्ञान लेते हुए आयोग ने अपनी निहित शक्तियों के अनुसरण में मामले की जांच करने का निर्णय लिया है। इस पर आयोग ने निवासी आयुक्त से शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों से संबंधित तथ्य और जानकारी नोटिस मिलने के 15 दिन के भीतर डाक या व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत करने को कहा है।

नोटिस में यह भी कहा गया है कि निर्धारित समय के भीतर आयोग को जवाब नहीं मिलने पर वह संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत उसे प्रदत्त सिविल कोर्ट की शक्ति का प्रयोग कर सकता है तथा व्यक्तिगत रूप से या प्रतिनिधि के माध्यम से आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन जारी कर सकता है।

दैनिक भास्कर — कुचामन भास्कर 06-09-2023

**चर्चा** • कलेक्टर व पुलिस अधिकारियों से चर्चा, रिपोर्ट 7 दिन में देने के निर्देश दिए

## एससी आयोग सदस्य पहुंचे बिदियाद

भास्कर न्यूज | डीडवाना

राणासर में हुए दो दलित युवकों के दोहरे हत्याकांड को लेकर मंगलवार को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सदस्य सुभाष रामनाथ पारथी आयोग के निर्देश पर मामले की जांच करने डीडवाना पंहुचे।

इस दौरान सबसे पहले पारथी ने डीडवाना पहुंचकर डीडवाना जिला कलेक्टर सीताराम जाट और पुलिस अधिकारियों से मामले को लेकर चर्चा कर जानकारी जुटाई और जिला कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों से मामले की जांच रिपोर्ट आयोग को सात दिवस में भेजने के निर्देश दिए गए।

### राणासर हत्याकांड- परिवार से मिले सदस्य, कहा: दोषियों को मिलेगी कड़ी सजा



बिदियाद. शोकसभा में उपस्थित एससी आयोग सदस्य पारथी व अन्य।

**बिदियाद|** ग्राम बिदियाद के दो युवकों को कुचलकर उनकी हत्या करने के मामले में मंगलवार को केंद्र सरकार के राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य सुभाष रामनाथ पारथी ने बिदियाद आकर दोनों परिवारों से अलग अलग मुलाकात की और परिवारजनों को ढांढस बंधाया। पुलिस ने बताया कि 16 आरोपियों को नामजद कर लिया है और बाकी सभी आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार करेंगे।

**मकराना|** राजूराम मेघवाल और चुन्नीलाल मेघवाल की गत दिनों कुचामनसिटी के पास राणासर में हाइवे पर बदमाशों ने गाड़ियों से कुचल कर हत्या कर दी थी जिसमें कलकलां की ढाणी निवासी एक युवक गंभीर घायल भी हो गया था। समाजसेवी सुरेंद्र मलिंडा ने प्रशासन पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया। वहीं बिदियाद सरपंच श्रवण कुमार बुगालिया ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे।



राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट माननीया राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को सौंपी।
इस दौरान आयोग के अध्यक्ष (कार्य प्रभारित) श्री अरूण हालदार, सदस्या डॉ. अंजू बाला और सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी मौजूद रहे।




हिंदी पखवाड़ा के दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग मुख्यालय में लगा बैनर

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

पांचवां तल, लोक नायक भवन, खान मार्किट
नई दिल्ली-110003